खाटू वाला श्याम जी करता कमाल

खाटूवाला श्याम जी, यो करता कमाल,
अपने प्रेमी को देखो, कर दे मालामाल,
खाटूवाला श्याम जी, यो करता कमाल ॥

खाटू आके जिसने भी, शीश है झुकाया,
श्याम जी ने सदा उसका, साथ है निभाया.....-2
तीनबाण धारी तेरी, बन जाए ढाल,
खाटूवाला श्याम जी, यो करता कमाल ॥

दुनिया ये कुछ ना देगी, दुनिया सयानी,
भरदे भंडार तेरे, शीश का दानी.......-2
क्यूँ तू फिर सोचे प्यारे, खाटूजी ने चाल,
खाटूवाला श्याम जी, यो करता कमाल ॥

सांवरा सलोना मेरा, लख दातारी,
मस्ती मे झूम रही, दुनिया ये सारी.....-2
प्रेमी का पूछो ना यारो कैसा है हाल,
खाटूवाला श्याम जी, यो करता कमाल ॥

श्याम और प्रेमी के बीच ना आना,
दीपक ना जाने कौन किस का दीवाना.....-2
श्याम कृपा से जीवन होता निहाल,
खाटूवाला श्याम जी, यो करता कमाल ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24049/title/khatu-wala-shyam-ji-karta-kamaal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |